Railway RRB Group D CEN (02/2018) Syllabus

14.1 कम्प्यूटर आधारित परीक्षा

सभी योग्य उम्मीदवारों को आरआरबी की वेबसाइट से डाउनलोड किए हुए ई–कॉल पत्र के अनुसार कंप्यूटर आधारित परीक्षा में निर्धारित दिनांक, समय तथा स्थल पर भाग लेना है। ई कॉल पत्र की डाउन लोड सूचना वेबसाईट तथा वैयक्तिक ई–मेल द्वारा उम्मीदवारों को संसूचित की जाएगी ।

कुल अवधि : 90 मिनट

प्रश्नों की संख्या : 100

विभिन्न वर्ग के अंकों के न्यूनतम प्रतिशत की पात्रता : अनारक्षित – 40 प्रतिशत, अन्य पिछड़े वर्ग – 30 प्रतिशत, अनुसूचित जाति –30 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति – 30 प्रतिशत।

दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए दिव्यांग व्यक्ति उपलब्ध न होने की स्थिति में दिव्यांग उम्मीदवारों को पात्रता के लिए 2 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।

प्रश्न का तरीका तथा पाठ्यक्रम :

वस्तुनिष्ठ प्रश्न प्रकार में बहु विकल्पों के साथ प्रश्न होंगे तथा इनमें निम्नलिखित विषयों से संबंधित प्रश्न शामिल किए जा सकते हैं:–

क. गणित

संख्या पद्धति, BODMAS, दशमलव, भिन्न, लघुत्तम समापवर्त्य (एलसीएम), महत्तम समापवर्तक (एचसीएफ), अनुपात एवं समानुपात, प्रतिशत, मेन्सुरेशन, समय और कार्य, समय और दूरी, साधारण और चक्रवृद्धि ब्याज, लाभ और हानि, बीजगणित, ज्यामिति और त्रिकोणमति, प्रारंभिक सांख्यिकीए वर्गमूल, आयु की गणना, कैलेंडर और घड़ी, नल और टंकी आदि।

ख. सामान्य बुद्धिमता और तर्कशक्ति :

अनुरूपता, वर्णानुक्रमानुसार और संख्या श्रंखला, कोडिंग और डिकोडिंग, गणितीय संक्रियाएं, संबंध, प्रतीकों द्वारा प्रस्तुति, जंबलिंग, वेन आरेख, आंकड़ा निर्वचन और पर्याप्तता, निष्कर्ष और निर्णय लेना, समानताएं और अंतर, विश्लेष्णात्मक तर्कशक्ति, वर्गीकरण, दिशाएं, कथन–तर्क और धारणाएं आदि।

ग. सामान्य विज्ञान

10 वीं स्तर के पाठ्यक्रम के भौतिकी, रासायन विज्ञान तथा जैविक विज्ञान शामिल होंगे।

घ. सामयिकी पर सामान्य जागरूकता विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, खेलकूद, संस्कृति, व्यक्ति विशेष, अर्थशास्त्र, राजनीति और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर ।

14.2 शारीरिक परीक्षण (पीईटी)

कंप्यूटर आधारित परीक्षा में मैरिट के आधार पर उम्मीदवारों को शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए आरआरबी यों से अधिसूचित पदों के लिए समुदायवार कुल रिक्तियों के दो गुना बुलाया जाएगा । फिर भी रेलवे को सभी अधिसूचित रिक्तियों के लिए पर्याप्त उम्मीदवारों की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यकतानुसार ये सीमा बढाने/घटाने का हक आरक्षित है। पीईटी में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है और ये अर्हता प्रकार का होगा । पीईटी के मापदंड निम्न प्रकार है ।

पुरुष उम्मीदवार	महिला उम्मीदवार
35 किलोग्राम वजन को उठाकर दो मिनट में एक अवसर में वजन को नीचे गिराये बिना 100 मी तक ले जाना चाहिए। तथा 1000 मीटर की दूरी को 4 मिनट 15 सेकंड में एक ही अवसर में दौडना चाहिए ।	20 किलोग्राम वजन को उठाकर दो मिनट में एक अवसर में वजन को नीचे गिराये बिना 100 मी तक ले जाना चाहिए। तथा 1000 मीटर की दूरी को 5 मिनट 40 सेकंड में एक ही अवसर में दौडना चाहिए ।

नोट: पैरा 11.0 में विनिर्देशित विकलांग व्यक्तियों को पीइटी में उपस्थित होने से छूट दी जाती है। फिर भी सीबीटी में उत्तीर्ण होने के बाद ऐसे उम्मीदवारो को विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिवत चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण होना है।

14.3 दस्तावेज सत्यापन और उम्मीदवारों को पैनलबद्ध करना।

सीबीटी में उम्मीदवारों द्वारा प्रदर्शन करने के आधार पर और पीईटी में क्वालीफाई करने के अधीन उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा।

यदि दो या अधिक उम्मीदवार बराबर अंक प्राप्त करते हैं तो उनकी मेरिट स्थिति का निर्धारण उनकी उम्र संबंधी मानदंड से किया जाएगा अर्थात् ज्यादा उम्र के उम्मीदवार को उच्च वरीयता दी जाएगी।

चुने गए उम्मीदवारों की नियुक्ति रेलवे प्रशासन द्वारा आयोजित अपेक्षित मेडिकल फिटनेस टेस्ट पास करने, शैक्षिक एवं समुदाय प्रमाणपत्र के अंतिम सत्यापन और उम्मीदवारों के पिछले जीवन/चरित्र के सत्यापन के अधीन होगी।

उम्मीदवार कृपया ध्यान दें कि रेल भर्ती बोर्ड केवल पैनलबद्ध उम्मीदवारों के नाम की अनुसंशा करता है और उनकी नियुक्ति का प्रस्ताव केवल संबंधित रेलवे प्रशासन द्वारा जारी किया जाएगा।